**मंहगाई भत्ते में कमी**

8018. **श्री देवराव पाटिल** : क्या वित्त मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में हुई काफी गिरावट तथा खाद्यान्नों के मूल्यों में हो रही लगातार कमी को देखते हुए भत्ते को कम करने का सरकार का विचार है; और

(ख) यदि हां, तो ऐसे प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है ?

**उप प्रधान मंत्री तथा वित्त मंत्री (श्री मोरारजी देसाई)** : (क) तथा (ख). केन्द्रीय सरकारी कर्मचारियों के मंहगाई भत्ता की समीक्षा अखिल भारतीय श्रमिक वर्ग उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (1949-100) के 12 महीनों की औसत के संदर्भ में की जाती है, चूंकि सबसे बाद की वर्तमान 205 से अधिक है, और सूचकांक के इसी स्तर से मंहगाई भत्ते की वर्तमान दरों का संबंध है, इसलिये मंहगाई भत्ते की वर्तमान दरों को कम करने का फिलहाल प्रश्न ही नहीं उठता ।

**Post-Matric Scholarships to Student Belonging to the "Halba Koshti" Community**

8019. SHRI DEORAO PATIL : Will the Minister of SOCIAL WELFARE be pleased to state :

(a) whether Maharashtra Government awarded the Post-Matric Scholarships under the centrally sponsored scheme to the "Halba Koshti" students in Vidharba Region of Maharashtra for the current session; and

(b) if so, the number of scholarships and the amount involved ?

The MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF SOCIAL WELFARE (SHRIMATI PHULRENU GUHA : (a) and (b). Attention is invited to Lok Sabha Unstarred Question No. 4181 answered on 18th March, 1968 which clarifies the legal status of "Halba Koshti." However, it is possible that some students belonging to this community may have secured scholarship under the category of "other economically backward classes." Under this category, eligibility to post-matric scholarships is determined solely on the basis of annual income and caste is not considered. As the scholarships to this category are not awarded on the basis of caste, statistics for individual castes are not available.

**Mortgage Loan by L. I. C.**

8020. SHRI NARAYANAN :
SHRI MAYAVAN :
SHRI CHITTYBASU :
SHRI SUBRAVELU :

Will the Minister of FINANCE be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the Life Insurance Corporation does not give mortgage loan for an amount less than Rs.25,000 and

(b) if so, whether Government propose to lower this limit in order to help the low income group ?

THE DEPUTY PRIME MINISTER AND MINISTER OF FINANCE (SHRI MORARJI DESAI) : (a) Yes, Sir.

(b) It is for the Corporation to consider this.

**मध्य प्रदेश में नलकूपों के लिये बिजली**

8021. **श्री ग० च० दीक्षित** : क्या सिंचाई और विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश सरकार ने 1968-69 में राज्य में लगाये गये नलकूपों के लिए बिजली की व्यवस्था करने के लिए केन्द्रीय सरकार से कोई वित्तीय सहायता मांगी है; और

(ख) यदि हां, तो कितनी राशि मांगी गई है और इस बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

**सिंचाई तथा विद्युत मन्त्रालय में उपमन्त्री (श्री सिद्धेश्वर प्रसाद)**: (क) और (ख). केन्द्रीय सहायता उन ग्राम विद्युतीकरण स्कीमों के लिये दी जाती है जिनमें पम्पों को ऊर्जित करने पर बल दिया गया हो । 1968-69 के